Title: Requests the Central Government to hold panchayat election in Bihar.

श्री शकुनी चौधरी (खगड़िया): सभापति जी, आप अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि आप भी बिहार से आते हैं। बिहार में २० वर्षों से पंचायत के चुनाव नहीं हुए हैं। पंचायत के चुनाव के लिए सरकार हमेशा बहाना बनाती है। कभी कहती है कि हाई कोर्ट ने रोका हुआ है तो कभी सुप्रीम कोर्ट ने रोका हुआ है और कभी आरक्षण का मुद्दा बनाकर इसको रोके हुए हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई स्टे न तो हाई कोर्ट ने दिया है और न ही सुप्रीम कोर्ट ने दिया है, तो फिर यह पंचायती चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। यह बिहार के लिए दुर्भाग्य का कारण है। इसके अलावा जे.आर.वाई. का जो पैसा भारत सरकार से आता है, वह वहां के सारे पदाधिकारी लूट लेते हैं। वे सारी लूटमार मुखिया के रूप में, कर्मचारी और बी.डी.ओ. लोग करते हैं इसलिए हम आपके माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि हर हालत में वहां पंचायत चुनाव कराये जायें।